जोधपुर श्री ओसवाल लोड़े साजन भाईपा समाज द्वारा समाज गौरव श्री कांतिलाल सा कोठारी, मुंबई का अभिनंदन

मुंबई निवासी, अनेक शिक्षण, गौशाला एवं जैन स्थानको के संचालक, श्री कांतिलाल साकोठारी एवं परिवार के सदस्य श्रीमती निर्मला जी कोठारी, श्री प्रेम जी कोठारी, श्री सुभाष जी कोठारी एवं श्रीमती चंद्रा जी कोठारी के सम्मान में 18 अप्रैल 2023 को जोधपुर, रोटरी भवन में श्री ओसवाल लोड़े साजन भाईपा समाज द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष, श्री अनिल जैन, सचिव, श्री बसंत मेहता, वरिष्ठ सदस्य श्री प्रकाश लूणीया, डॉक्टर जगदीश गांधी, श्री जगदीश गांधी, श्री भैरूमल सा मेहता, डॉक्टर निहाल कोठारी ने अपने वक्तव्य में श्री कांतिलाल सा कोठारी एवं उनके दादा जी स्वर्गीय श्री हरक चंद सा एवं पिता श्री स्वर्गीय चंपालाल सा कोठारी का जिक्र किया, जिन्होंने व्यापार एवं समाज सेवा में धर्मनिष्ठता, मेहनत एवं लगन से पीपाड़, जोधपुर एवं मुंबई में अपरिमित रिद्धि-सिद्धि एवं सम्मान हासिल किया और समाज का नाम आलोकित कीया।

महिला सशक्तिकरण परिषद की संयोजिका मधु जी बोहरा, सह-संयोजक स्वाति जी जैन एवं सोनल जी मेहता निर्मला जी कोठारी, मधु जी कटारिया, शीला जी कोठारी ने नवकार मंत्र एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की मांगलिक शुरुआत की।

श्री प्रकाश जी सालेचा ने अपनी साहित्यिक कलम से अभिनंदन पत्र को अलंकृत किया एवं बहुत ही सुंदर शब्दों एवं मधुर वाणी के साथ मंच का शानदार संचालन किया। युवा मोहित मुथा ने अभिनंदन पत्र का सुंदर वाचन किया। श्री राजेंद्र जी कटारिया द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम के आयोजन में उपाध्यक्ष, श्री राजेश मेहता, कोषाध्यक्ष, श्री सज्जन लूणीयां, सह- सचिव जीतेश मोहनोत, श्रीमती मधु जी बोहरा, श्री विनीत कोठारी, श्री सुभाष गुंदेचा, डॉ नरेंद्र जैन, श्री नितेश कोठारी, श्री राकेश लूणीया, श्रीसुधीर मोहनोत, श्री अनिल मेहता एवं श्री कैलाश बोहरा का प्रशंसनीय एवं सकारात्मक योगदान रहा। अवकाश का दिन न होने के होने के बावजूद समाज के सदस्यों की बहुत अच्छी संख्या में उपस्थिति उल्लेखनीय है।

अनिल जैन (बोहरा)

श्री महावीराय नमः

श्री ओसवाल लोड़े साजन भाईपा समाज

जोधपुर

पुण्यधरा पीपाड़ के गौरव, देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई महानगर के सौरभ,
संघ-समाज एवं शासन के हितैषी-हितचिन्तक, उदारमना व्यक्तित्व के धनी,

सम्माननीय श्री कांतिलाल जी कोठारी साहब

के कर कमलों में सादर समर्पित

अभिनन्दन-पत्र

पुण्यधरा पीपाड़ के गौरव एवं मुम्बई महानगर के सौरभ!

आपने लब्ध प्रतिष्ठित कोठारी परिवार के सुश्रावक श्रीमान् चम्पालाल जी हरकचन्द जी कोठारी के घर आंगन में जन्म लेकर कोठारी परिवार का गौरव बढ़ाया है। आपके पूर्वजों ने व्यावसायिक दृष्टिकोण से हरसोर, नागौर, पीपाड़ शहर, जोधपुर के पश्चात् मुम्बई महानगर को अपनी कर्म भूमि बनाकर मारवाड़ एवं मुम्बई महानगर की शोभा अभिवृद्धि की है। कहना होगा- आपने अपने पिताश्री और परिवार की गतिविधियों का संचालन करके और नए-नए कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करके अपने पिताश्री व कोठारी परिवार की यश-कीर्ति बढ़ाई है।

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी!

आपने अपने पूर्वजों की गति-प्रगति में सहयोग करके कोठारी परिवार को समृद्ध किया है। आपने अपने लघु भ्राता श्री प्रेमचन्द जी कोठारी एवं स्व. श्री रमणिकलाल जी कोठारी के साथ व्यावसायिक क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां प्राप्त करते हुए संघ एवं समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहे।

पुण्यधरा पीपाड़ में शिक्षा एवं गौसेवा का विशेष अभियान

आपके परिवार ने पुण्य से प्राप्त लक्ष्मी का सदुपयोग करते हुए अपनी जन्मभूमि पीपाड़ में बालक-बालिकाओं के अध्ययन-अध्यापन एवं संस्कार निर्माण के लिए एक भव्य विद्यालय की स्थापना की, जो आज भी निरन्तर नन्हें मुन्ने बालक-बालिकाओं को संस्कार प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। वहीं सैंकड़ों गौ-माताओं का भरण-पोषण और रख-रखाव के साथ गौशाला की स्थापना की है, जहां पर निरन्तर गौसेवा का कार्य चल रहा है।

धर्माराधना हेतु स्थानक निर्माण में सहयोग

भारतवर्ष में अनेक स्थानों पर स्थानक निर्माण में आपका एवं आपके परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, उसी क्रम में सूर्यनगरी-जोधपुर में सरदारपुरा क्षेत्र में कोठारी भवन स्थानक का निर्माण करवाया। इसमें रख-रखाव, सार-संभाल और नित्य-नए सुधार करवाकर क्षेत्र के लोगों को धर्म-सहयोग देकर अनुगृहीत कर रहे है, वह वस्तुतः अभिनन्दनीय है। ओसवाल लोड़े भाईपा समाज भी अपनी बैठकों सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कोठारी भवन में करता है एवं वर्तमान में भी कर रहे हैं।

संघ-समाज की एकता-एकरूपता बनी रहे अतः शासन-सेवी बनकर आप और आपका परिवार वस्तुतः अनुकरणीय-अनुमोदनीय कार्य कर रहा है। आप संत-सेवी, संघ-सेवी, समाज हितैषी-समाज हितचिन्तक है। देव-गुरु-धर्म के प्रति आपकी श्रद्धा अटूट है।

समाज को सक्रिय-सक्षम और स्वावलम्बी करने की जरुरत!

आप जानते है, आप मानते है कि समाज में जब तक सकारात्मक सोच नहीं बनेगी, वह उन्नति-प्रगति नहीं कर सकेगा। आप जैसे उदारमना और सुज्ञ श्रावकरत्न समाज-सुधार के काम को आगे बढ़ायें तो वह दिन दूर नहीं जब समाज का हर सदस्य अपने आचार-विचार व्यवहार से सजग तो बनेगा ही, प्रगति-पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

आपकी बहुआयामी सेवाओं को देखते हुए श्री ओसवाल लोड़े साजन भाईपा समाज आज आपका सार्वजनिक स्वागत-सत्कार-बहुमान और अभिनन्दन करके अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है तथा आपसे आशा है कि श्री ओसवाल लोड़े समाज भाईपा समाज के प्रति भी आपका प्रेम एवं आशीर्वाद निरन्तर बना रहे। आपके एवं आपके परिवार के सुखद समुज्ज्वल और यशस्वी जीवन की मंगल कामना के साथ...

हम हैं आपके शुभाकांक्षी!

अनिल जैन (बोहरा)	राजेश मेहता	वसंत मेहता	सज्जनराज लुणिया	जितेश मोहनोत
अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	सचिव	कोषाध्यक्ष	सह-सचिव

एवं श्री ओसवाल लोड़े साजन भाईपा समाज के समस्त सदस्यगण

दिनांक: 18.04.2023, स्थान : जोधपुर